## पुलिस अधीक्षक ने की पुलिस टीम को पुरूस्कृत करने की घोषणा

# पुलिस ने किया अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर



मोहगांव हवेली पुलिस की टीम के द्वारा अंतरराज्यीय चोर गिरोह का पर्दाफाश किया है। मिली जानकारी के अनुसार29. जून को फरियादी चन्द्रप्रकाश निमजे मोहगांव ने थाना मोहगांव में आकर रिपोर्ट कि थी की अज्ञात चोरो ने उसके घर में आकर उसके घर की पेटियो में से 3 नग मंगलसुत्र 4 सोने की नथनी 1 सोने की अंगुठी, 2 जोडी चांदी की पायल और कुछ नगदी रुपये चुराकर ले गये।

फरियादी की रिपोर्ट पर थाना मोहगांव मे अपराध क्रमांक 57/2025 धारा 331(4), 305 (ए) भारतीय न्याय संहिता का पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया था। मामले की गंभीरता को देखते हुये एस.पी. सुंदरसिह कनेश ने एडिसनल एस.पी. नीरज सोनी, एस.डी.ओ.पी. ब्रजेश भार्गव,थाना प्रभारी मोहगांव टी. आई जितेन्द्र बघेल के नेतृत्व मे एक टीम गठित की गई थी,पुलिस टीम को मुखबिर के द्वारा सुचना मिली की ग्राम मोहगांव का विरेन्द्र गोखे उर्फ दीनू उर्फ पंडीत,चन्द्रप्रकाश उर्फ चंदन डोन्डे इस केस मे बाहर से चोरो को बुलाकर फरियादी के घर में चोरी करवाये है जानकारी दे सकते है।दोनो को गिरफ्तार कर सख्ती से पुछताछ की गयी तो बताया की उनका संपर्क मोबाईल के जरीये ईरफान खान से था। पुलिस टीम के द्वारा ईरफान को गिरफ्तारी के बाद बताया कि उसका संपर्क सिवनी नर्मदापुरम की पारदी गैंग से था तथा ईरफान का ही संपर्क रामटेक जिला नागपुर के रहने वाले अनिल ठाकरे व देवेन्द्र उर्फ गोलु से था। आरोपी ईरफान पारदी गैंग के लीडर अभिषेक उर्फ अर्जुन से उसके मोबाईल पर संपर्क किया व प्लान करके तय हुआ की अनिल ठाकरे मोहगाव की स्कार्पियो गाडी से विरेन्द्र उर्फ पंडीत की मोटरसाईकल व चन्द्रप्रकाश उर्फ चंदन डोन्डे की मोटरसाईकल की सहायता से घटना को अंजाम देगे। 26 जून की रात में सभी आरोपीगणो ने फरियादी चन्द्रप्रकाश निमजे के घर में चोरी कर चोरी गया माल आपस में बांट लिया। पुलिस ने सभी आरोपीगणो को गिरफ्तार कर प्रकरण में चोरी गया माल जप्त किया।

### एसपी पांढुर्णा ने पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा

अंतर राज्य गृह पर कार्रवाई को लेकर पांढुर्णा पुलिस एसपी श्री गणेश के द्वारा पुलिस टीम को पुरस्कृत करने की घोषणा की है। कार्यवाई के दौरान पुलिस टीम मे टी.आई. जितेन्द्र बघेल, सब इन्सपेक्टर नन्हेलाल मरावी, प्रधान आरक्षक विजय कुमरे, नंदकिशोर कावरे, आरक्षक मौसम शेन्द्रे,मोहित, पुष्पेन्द्रसिह अशोक हरसुले,दीपक अडानी पुलिस लाईन पाढुर्णा, आरक्षक शैलेष यादव क्राईम ब्रांच नागपुर, सायबर सेल से अखिलेश हिंगवे का महत्तपुर्ण योगदान रहा है।

## आबकारी विभाग की बड़ी कार्यवाही

# 6000 किलो लाहन नष्ट, हाथभट्टी की 30 लि. शराब जब्त



हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

कल आबकारी विभाग छिंदवाडा एवं पांढुर्ना के अधिकारियों ने अवैध शराब निर्माण, परिवहन, संग्रहण एवं विक्रय पर रोक लगाने के उद्देश्य से ग्राम वड्डामाल, कोंढर, उमरीकला तथा जाटलापुर लिंगा में नदी नालों में बन रही अवैध शराब के अड्डों पर दबिश दी। आबकारी विभाग द्वारा मौके पर 6000 किलो लाहन नष्ट किया गया और हाथभट्टी निर्मित 30 लिटर महुआ से बनी कच्ची शराब बरामद की गई। इस कारवाई में सहायक जिला आबकारी अधिकारी कैलाशचंद्र चौहान, भारती गौड, एवं आबकारी पनिरीक्षक आकाश मेश्राम, वृत्त प्रभारी नरेंद्र कुमार नागेश, आबकारी उपनिरीक्षक रूची बागरी, बडचिचोली चौकी प्रभारी विक्रम सिंह बघेल तथा आरक्षकगण मौजूद रहे।

## खेल परिसर मरम्मत के नाम पर ऑनलाइन भुगतान की हो चुकी है अनदेखी

# मरम्मत पर लाखों खर्च के बाद छात्रावास के छात्रों को पानी से बचने तिरपाल का सहारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया





तामिया आदिवासी विकासखंड में जनजातीय कार्य विभाग द्वारा संचालित कन्या आश्रम एवं छात्रावास संचालित है जिनकी हकीकत किसी से छुपी नहीं है। इनमें रहकर पढ़ने वाले गरीब आदिवासी छात्र छात्राएं मूलभूत सुविधा से तो सदा से वंचित रहे हैं। छात्रावास आश्रम में ना तो इनके लिए पौष्टिक खाना मीनू के हिसाब से इन्हें भोजन नहीं मिलता है। केवल अधीक्षक शासन के नियम के बजाय अपने नियम से भोजन करवाते है जिससे इनका का बौद्धिक विकास नहीं हो पाता और परीक्षा के परिणाम अनुकूल नहीं आते हैं।

यह सर्व विदित है कि लेकिन सहायक आयुक्त छिंदवाड़ा छात्रावास आश्रम में आर्थिक लालच भी ढूंढ लेते हैं और इन छात्रावास आश्रम स्कूलों की मरम्मत के नाम पर अधीक्षक को राशि आवंटित कर अपने चहेते ठेकेदारों को आघोषित ठेकेदारी करवा कर ऑनलाइन के युग में भी चेक से भुगतान करवाकर नियम कानून का खुला उल्लंघन कर रहे हैं, लेकिन जब अधीक्षक के बजाय अघोषित ठेकेदार भवन की मरम्मत करेगा तो समझा जा सकता है कि कैसी होती होगी इसका किसी को उदाहरण देखना है तो तामिया मिडिल स्कूल उत्कृष्ट बालक छात्रावास में जाकर देखा जा सकता है कि इस छात्रावास मरम्मत के नाम पर किस तरीके से फर्जीवाड़ा किया गया है वह देखा जा सकता है क्योंकि अभी तामिया में बरसात हो रही है तो इसमें निवासरत छात्रों को पानी से बचाने के लिए हाल के अंदर अधीक्षक को तिरपाल लगानी पड़ रही है, वहीं छत के ऊपर जो मुंडेर बनाई जाती है जो कि प्रोफाइल सीट के ऊपर रखी रहती है उसमें पानी जाने का कोई चांस नहीं है उसे भी तिरपाल से ढाका गया है तो समझा जा सकता है कि मुंडेर में केवल मिट्टी थोंपी गई होगी, नहीं तो क्या कारण तिरपाल डालना पड़ी ठेकेदार के कारनामो की बानगी इस छात्रावास में प्रोफाइल सीट में जगह छेद देखे जा सकते हैं जिससे पानी भीतर आ रहा है और छात्रों को रात काटना भारी बरसात होने की स्थिति में परेशानी के साथ गुजारना पड़ रही है। इसी तरह तामिया खेल परिसर में भी जनजातीय कार्य विभाग कार्यालय से मरम्मत के नाम पर इसकी लागत से ज्यादा खर्च किया जा चुका है। बावजूद खेल परिसर भी जर्जर अवस्था में है। सबसे बड़ा सवाल यह है कि इस खेल परिसर मरम्मत के नाम पर अधीक्षक ने चेक से भुगतान किया है जबकि वर्तमान में शासन के सख्त निर्देश ऑनलाइन भुगतान के हैं। बावजूद इसके किस के कहने पर अधीक्षक को चेक देने मजबूर किया गया, यह सारे जांच के विषय हैं। इस तरह यदि पिछले वर्ष हुए छात्रावास आश्रम में हुई मरम्मत का भौतिक सत्यापन एवं उसमें लगाई गई प्रोफाइल शीट का मिलान माप पुस्तिका से करेंगे तो छात्रावास आश्रमो स्कूलों में के नाम पर सहायक आयुक्त के द्वारा मरम्मत के नाम पर जो फर्जीवाड़ा हुआ है, उसमें अधीक्षक से लेकर सहायक आयुक्त तक इसमें शामिल पाए जाएंगे। कलेक्टर को संज्ञान में लेकर छात्रावास आश्रमों की हकीकत बरसात में जानने के लिए जांच दल बनाकर इनमें निवास कर पढ़ने वाले छात्र-छात्राओं की परेशानी को समझ कर प्रयास कर उन्हें बरसात में सोने लायक स्थिति कम से कम छात्रावास आश्रमों की करवाने प्रयास करने होंगे। नहीं तो छात्र-छात्राओं की पढ़ाई शुरूआती दौर में ही प्रभावित होगी और इसके परिणाम वार्षिक परीक्षा का रिजल्ट में देखने मिलेंगे।

### संगीत विद्यालय में हुआ गुरु पूजन का कार्यक्रम

परासिया। शारदा संगीत विद्यालय परासिया में गुरु पूजन का कार्यक्रम 13 जुलाई को दोपहर 11:00 बजे आयोजित किया गया । जिसमें संगीत विद्यालय के समस्त संगीत साधकों ने ,अपने गुरु माधव मगरदे संचालक शारदा संगीत विद्यालय परासिया तथा तबला शिक्षक अशोक पवार का पूजन वंदन कर संगीत का कार्यक्रम आयोजित किया । जिसमें सामूहिक रूप से सरस्वती वंदना , गुरु वंदना प्रस्तुत की गई । एकल गुरु वंदना , दिव्यांशी गुरुजी मेरी नैया पार कर देना । भजन ऐसा प्यार बहा दे मैया रवि जैन , भजन दीपक डेहरिया , आयुष राजपूत आए मोरे अंगना गजानन , भजन गायत्री आमवंशी , एक राधा एक मीरा भजन , राजेंद्र विश्वकर्मा शास्त्री गायन , प्रिया वर्मा देवी गीत , खुशी भनारिया भजन बाजे रे मुरलिया बाजे , निधि तिवारी भजन ऐसी लागी लगन , अमनदीप भाटिया भजन, विजय व्यास ए री सखी तोसे का कहूं ठुमरी , नितिन विश्वकर्मा गजल , शुभम कस्तूरे गजल एवं शास्त्रीय गायन , खुशी वायलिन , तबले पर गौरव , अंशुल रौनक , निकुंज , जायस, कर्तव्य ने अपनी प्रस्तुति प्रदान की।

# स्वच्छता में सिविल अस्पताल पांढुर्ना प्रदेश में 6 वें स्थान पर




हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

प्रदेश के राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन भोपाल द्वारा स्वच्छता रैंकिंग में प्रदेश के शासकीय अस्पतालों को लेकर जारी रिपोर्ट स्थानीय सिविल अस्पताल को 6 वां स्थान प्राप्त हुआ है। उल्लेखनीय है लगभग 5 माह पूर्व राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के दल ने यहां आकर ओपीडी सेवा, दवा वितरण प्रबंधन, मरीजों की बिस्तर व्यवस्था, अस्पताल में जगह जगह लगे सूचना फलक, डॉक्टरों के कैबीन तथा अन्य बिंदुओं का आकलन किया गया था। बीएमओ दीपेंद्र सलामे ने बताया कि कलेक्टर अजय देव शर्मा के मार्गदर्शन में सिविल अस्पताल की सुविधाओं को और भी जनोन्मुखी और मरीजों के लिए हितकारी बनाए जाने हेतु नए नए प्रयास किए जा रहे है।

# जादू-टोना करने वाला कहने पर कर दी हत्या

## अंधे हत्याकांड का पुलिस ने किया खुलासा, आरोपी गिरफ्तार



हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

जिलें के अमरवाडा थाना क्षेत्र में हुए अंधे कत्ल की गुत्थी पुलिस ने सुलझा ली है। अमरवाड़ा पुलिस की जानकारी के अनुसार दिनांक 11/07/2025 कै रात्रि में मृतक राजेंद्र यमुनाती पिता मनी उन्नति उम्र 38 साल निवासी ग्राम धतुरिया थाना अमरवाड़ा का शव संदिग्ध हालत में ग्राम धतुरिया के पास रोड पर मिला था जिसके गले में गमछा बंधा था एंव चोट के निशान दिखाई दे रहे थे मृतक की पत्नी संतवती पति राजेंद्र इनवाती उम्र 35 साल निवासी ग्राम धतुरिया मर्ग कायम कर मृतक केशव की पंचनामा कार्रवाई की गई मृतक के शेर पसली मुंह पर चोट होने से हत्या की आशंका होने पर छिंदवाड़ा से एफ, एस, एल टीम तथा डाँग स्काट मौके पर बुलवाई गई, मृतक राजेंद्र इनवाती का शव संदिग्ध अवस्था में पाये जाने से एंव डाँ द्वारा साट पीएम रिपोर्ट में सिर में आई गंभीर चोट से मृत्यु होन लेख करने पर अज्ञात आरोपी के विरुद्ध अपराध क्रमांक 575/2025धारा 103(1)भारतीय न्याय संहिता 2023का कायम किया जाकर अज्ञात आरोपी की तलाश प्रारंभ की गई, विवेचना के दौरान अंधे हत्याकांड के संबंध में सूक्ष्मता से कार्रवाई कर घटना की कड़ी से कड़ी जोड़कर साक्ष्य एकत्रित किए गए, पुलिस ने विवेचना में पाया कि मृतक को अंतिम बार गांव के अजब टेकाम उर्फ बब्बा पिता मंसू टेकाम निवासी ग्राम धतुरिया के साथ देखा गया था तब संदेह को ग्राम सालीवाडा से हिरासत में लेकर पूछताछ करने पर पाया गया कि मृतक राजेंद्र इवनाती आरोपी को आए दिन शराब पीकर टू गुनीया है एवं जादू टोना करता है कहकर गाली गलौज करता था घटना के दिन भी मृतक आरोपी को मिला और बोलने लगा कि क्यों रे गुनिया कहकर गाली गलौज करने लगा अजब के आए दिन गुनिया जादू टोना करने वाला कहने से परेशान होकर आरोपी अजब ने उसके गले में बंधे गमचे को पड़कर रोड में गिरा लिया और वहीं पड़े पत्थर से उसके सिर में मारा एवं लात घुसे से सीने में मारा जिससे मृतक की मृत्यु हो गई आरोपी के द्वारा पूछताछ में बताएं अनुसार आरोपी को घटनास्थल में ले जाकर घटना प्रयुक्त पत्थर जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार कर हिरासत लिया गया।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ ने मांगों को लेकर सौंपा ज्ञापन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्य प्रदेश के प्रांत अध्यक्ष भरत पटेल के आव्हान पर पूरे मध्य प्रदेश में जिला मुख्यालय में एक साथ रैली व ज्ञापन के माध्यम से अध्यापक शिक्षक संवर्ग की लंबित मांगों का मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन सोपा गया।

छिंदवाड़ा के जिला अध्यक्ष राजेश जैन ने बताया कि छिंदवाड़ा में भी अध्यापक शिक्षक संवर्ग के द्वारा बड़ी संख्या में उपस्थित होकर निम्नांकित मांगों को लेकर ज्ञापन सोपा गया जिसमें ई अटेंडेंस पर रोक, क्रमोन्नति एरियर्स, नियुक्ति दिनांक से सेवा गणना, बी एल ओ के दायित्व से शिक्षकों को मुक्त रखने आदि प्रमुख समस्याओं के निराकरण के लिए मुख्यमंत्री महोदय के नाम कलेक्ट्रेट में डिप्टी कलेक्टर पी0 मेहरा जी को सौपा जिसमे सभी विकासखंड से बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाओं ने स्वाभिमान ज्ञापन सोपा।शिक्षकों ने जमकर नारेबाजी भी की।

### ये रहे मौजूद

अनिल शर्मा सतीश पवार श्रीमती अनीता पवार दिलीप नागवंशी, मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रदेशाध्यक्ष राजिक कुरैशी, हेमंत नांदेकर रोहित टेकरे, तरुण विश्वकर्मा, शरद शिववेदी, कैलाश कोचे लेखराम रघुवंशी कमल किशोर साहू, सुभाष पवार परमानंद शर्मा कैलाश खरपुसे सबाना खान, निर्मला चौरिया आदि बड़ी संख्या में शिक्षक शिक्षिकाएं उपस्थित रहे वह अपनी मांगों के लिए समाधान मांगा।

### वैश्य महासम्मेलन का मिलन समारोह संपन्न

छिंदवाड़ा। वैश्य महासम्मेलन जिला इकाई छिंदवाड़ा द्वारा आयोजित मिलन समारोह में वैश्य महासम्मेलन के शिरोमणि संरक्षण एवं पूर्व गृहमंत्री उमाशंकर गुप्ता मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए । यह मिलन समारोह प्रस्तावित वैश्य भवन के परिसर लालबाग में संपन्न हुआ जहां वैश्य भवन के समस्त ट्रस्टियों का सम्मान उमाशंकर गुप्ता द्वारा किया गया। अपने उद्बोधन में श्री गुप्ता ने कहा प्रदेश स्तर पर भोपाल में भी वैश्य भवन का निर्माण कार्य भी जारी है । बहुत प्रसन्नता की बात है जिला स्तर पर मध्यप्रदेश में छिंदवाड़ा पहला जिला है, जिसने उल्लेखनीय कदम उठाते हुए शहर के मध्य 12000 वर्गफुट का प्लाट खरीदा है।

## अमरवाड़ा पुलिस की कार्यवाही, आरोपी पर मामला दर्ज

# 64 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जप्त कर 1 आरोपी पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा



अमरवाड़ा पुलिस ने 64 लीटर अवेध कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार पुलिस अधीक्षक छिन्दवाड़ा श्री अजय पाण्डेय, व अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक महोदय श्री आयुष गुप्ता के निर्देशन में छिंदवाड़ा जिले में अवैध शराब / मादक पदार्थ की तस्करी, विक्रय व अवैध शराब का भंडारण करने वालो के विरुद्ध प्रभावी कार्यवाही करने का जिले में विशेष अभियान निरन्तर जारी है जिसके अंतर्गत अनुविभागीय अधिकारी (पुलिस) अमरवाडा श्री रवीन्द्र मिश्रा के नेतृत्व में थाना प्रभारी अमरवाड़ा द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय कर तत्काल सूचना पर 13/07/2025 को ग्राम चिखलीमुकाशा स्कूल तिराहा के पास आरोपी 1. रामक्रेश पिता रामशंकर विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी ग्राम चिखलीमुकाशा थाना अमरवाड़ा को थाना अमरवाड़ा पुलिस टीम द्वारा घेराबंदी कर अवैध शराब कब्जे से पकड़ा गया जिसके कब्जे से चार नग प्लास्टिक की केन मे भरी 64 लीटर कच्ची महुआ शराब कीमती 6400 रू की जप्त कर आरोपी को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियो के विरूद्ध आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया है।

### गिरफ्तार आरोपी

1. रामक्रेश पिता रामशंकर विश्वकर्मा उम्र 35 साल निवासी ग्राम चिखलीमुकाशा थाना अमरवाड़ा र

### जप्त मशरूका

01.64 लीटर कच्ची महुआ शराब कुल मात्रा 64 लीटर कीमती 6400 रूपये ।

### अपराध क्रमांक एवं धारा

अपराध क्रमांक-576/2025 धारा-34 (2) आबकारी एक्ट ।

### सराहनीय भूमिका

निरीक्षक राजेन्द्र धुर्वे, उपनिरीक्षक अशोक यादव, सउनि नूरसिह बघेल, सउनि रवि मालवी आर. 814 ओमकार की विशेष भूमिका रही।

# तीसरे दिन में भी जारी रही क्रमिक भूख हड़ताल




परासिया। परासिया सिविल अस्पताल के सामने जारी क्रमिक भूख हड़ताल के तीसरे दिन रविवार को राकेश डेहरिया , कोलेश धरसे को नगर पंचायत चांदामेटा के पूर्व अध्यक्ष हरिश्चन्द अग्रवाल द्वारा तिलक लगा कर बैठाला गया । इस दौरान जिसमें मनीष जैन , उमाशंकर धीमान , उमेश निकोसे , विशू विश्वकर्मा , विक्की सिंग, विक्की रामानी , अमित यदुवंशी , विशाल पटेल , रुपेश वाल्मीकि , प्रदीप विश्वकर्मा व अन्य सामाजिक जन उपस्तित रहे । बता दें , कि नगर सेवा समिति चांदामेटा के तत्वधान में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परासिया में व्याप्त अनियमितताओं के खिलाफ हुई शिकायतों की निष्पक्ष जांच कर दोषियों के खिलाफ कार्यवाही करने को लेकर क्रमिक भूख हड़ताल शुरू की गई है ।



## साउथ एशियन कराटे प्रतियोगिता में जीता स्वर्ण पदक, बस स्टैंड पर हुआ बालिका का जोरदार स्वागत

# सौंसर की बेटी कल्याणी ने श्रीलंका में लहराया परचम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सौंसर

यदि जीवन कुछ कर गुजरने का जज्बा,सपना अपनी आंखों में हो तो समुंदर पार जाकर भी हम अपने सपनों को पूरा कर अपने परिवार देश समाज का नाम रोशन कर सकते हैं, ऐसा ही सफलता सौसर के वार्ड क्र 13 पटेल कॉलोनी निवासी बालिका कल्याणी विश्वकर्मा ने कर दिखाया है।

बालिका कल्याणी ने साउथ एशियन कराटे प्रतियोगिता में श्रीलंका में सौसर का परचम लहराते हुए स्वर्ण पदक जीतकर फिर से एक बार बेटियों का नाम एशिया पटल पर रोशन किया है। श्रीलका में स्वर्ण पदक जीतने के बाद में सौसर पहुंची कल्याणी विश्वकर्मा का नगर वासियों ने सौसर बस स्टैंड पर फूलमाला आतिशबाजी ढोल बाजे के साथ में स्वागत सत्कार करते हुए बधाइयां प्रेषित की है। नगर की संजय मार्शल आर्ट स्कूल संचालक संजय भुजाडे ने बताया की 5 जुलाई से 6 तक को श्रीलंका के कोलंबो मे 9 वी साउथ एशियन कराते प्रतियोगीता का आयोजन संपन्न हुआ।आयोजन में सौसर नगर की कल्याणी गोविंद विश्वकर्मा ने भारत देश का प्रतिनिधित्व करते उत्कृष्ट प्रदर्शन के बाद देश के लिए स्वर्ण पदक जीता है। कल्याणी सौसर नगर के संजय मार्शल आर्ट स्कूल मे 3 वर्षो से कराते का अभ्यास कर रही थी। सौसर में प्रशिक्षक के साथ मध्य प्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी भोपाल मे चयन परीक्षा दी थी,जिसमे वह सफल हुई पिछले वर्ष से वह मध्यप्रदेश मार्शल आर्ट अकादमी मे नियमित कराते का अभ्यास कर रही थी,साउथ एशियन प्रतियोगीता तक का सफर करने के लिये पहले इंदौर मे मध्यप्रदेश राज्य स्तरीय कराते प्रतियोगीता मे स्वर्ण पदक प्राप्त किया है। जिसके बाद राष्ट्रीय कराते प्रतियोगीता के लिए चयनित हुई,देहरादून मे राष्ट्रीय कराते प्रतियोगीता मे स्वर्ण पदक प्राप्त के बाद अब श्रीलंका में स्वर्ण पदक प्राप्त करते हुए सौसर का नाम रोशन किया है।



श्रीलंका के बाद अब कल्याणी चीन देश मे भारत देश का प्रतिनिधित्व करेगी।बस स्टैंड पर सौसर नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती सुरेखा डागा, संजय मार्शल आर्ट स्कूल के संचालक संजय बुझाड़े, अशोक भुसारी,पंकज लोणारे, सौसर नगर पालिका उपाध्यक्ष विनोद जुनघरे आदि द्वारा इस उपलब्धि पर बालिका का स्वागत सत्कार किया है।

## हर नागरिक अपने आसपास एक पेड़ लगाएं: मोहोड़



**सौंसर।** एक पेड़ माँ के नाम₹ अभियान के अंतर्गत सौसर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम सांवली में पांढुर्णा भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड ने पौधारोपण किया गया।वृक्षारोपण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए जिला भाजपा अध्यक्ष श्री मोहन ने कहा कि केंद्र एवं प्रदेश सरकार के द्वारा निरंतर संपूर्ण मध्य प्रदेश और देश को हरा भरा रखने के उद्देश्य एवं पर्यावरण को सुरक्षित रखने को लेकर एक पेड़ मां के नाम अभियान चलाया जा रहा है इस अभियान के अंतर्गत सभी शेरो नगरों ग्रामीण क्षेत्र एवं वार्डों में अधिक से अधिक संख्या में वृक्षारोपण लगाकर लोगों को पर्यावरण के प्रति जागृत किया जा रहा है सभी लोगों ने इस अभियान में तन मन के साथ में जुड़कर अपने आसपास के परिसर में वृक्षारोपण करना चाहिए। इस अवसर पर सांवली सरपंच गणेश बावने,सूर्यभान चिकटे,दिनेश भलावी,सुधीर टेकाडे,श्यामराव वाणी ,शुभम खेकडे ,दर्शन बाविस्थाले ,ऋषभ येलमुले ,संतोष डवरे,वसंता शेलली,विठ्ठल बावने , टिकमाराम चरडे आदि ने पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

## सुरेश भोपाल में हुए पूर्व न्यायाधीश के हाथों सम्मानित

**सौंसर।** सिद्धार्थ मेमोरियल फाउंडेशन की ओर से बहुजन समाज की आवाज उठाने,बहुजन समाज पर होने वाले अन्याय अत्याचारों के खिलाफ जन जागृति, महाबोधि महाविहार मुक्ति आंदोलन में सहभागिता आदि को लेकर भोपाल में सुरेश पासवान को सम्मानित किया गया है। चर्चा के दौरान सुरेश पासवान ने बताया कि बहुजन समाज की आवाज़ उठाने के लिए जो प्रोत्साहन मिला, उसके लिए मैं दिल से आभारी हूँ।आयोजन के दौरान सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति सुरेश कुमार कैत के द्वारा स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया।श्री पासवान ने आगे बताया कीसुरेश कुमार कैत ने दिल्ली, आंध्र प्रदेश और अंततः मध्य प्रदेश उच्च न्यायालय में मुख्य न्यायाधीश के रूप में न्यायपालिका की सेवा की है। वे उस समाज से आते हैं जिसे अक्सर नजरअंदाज किया जाता है, लेकिन उन्होंने न्याय की ऊँचाइयों तक पहुँचकर यह साबित किया कि संघर्ष और विचार एक नई क्रांति का आधार बन सकते हैं। राजधानी में सम्मानित होने पर सुरेश पासवान का बौद्ध युवक युवती परिचय सम्मेलन समिति सौसर, अध्यक्ष मुकेश बागडे, सरक्षक डॉ अशोक भगत,मुरलीधर कामले, लक्ष्मीदास बोरकर, राजेश बागडे, मिलिंद बंसोड़,सिद्धार्थ सोमकुवर,विजय नागदवने,सतीश बंसोड़,प्रेमराज गजभिये ओरसुजाता महिला मंडल संजय नगर, तथागत धम्म प्रकल्प समिति जाखिवाड़ा, एड,वासुदेवराव नंदाबाई बागडे चैरिटेबल ट्रस्ट जाखिवाडा आदि संस्थाओं के पदाधिकारी के द्वारा बधाई देते हुए इस उपलब्धि के लिए स्वागत किया है।

## गौसेवा को समर्पित कृष्णा ठाकुर की साइकिल यात्रा

### 6 माह में 13,000 किमी की यात्रा कर पहुंचे झरना



हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

देशभर में गौमाता की सेवा और संरक्षण के लिए समर्पित घोड़ावाड़ी करमोहोनी बँधी ग्राम निवासी कृष्णा ठाकुर ने साइकिल पर 13,000 किलोमीटर की प्रेरणादायक यात्रा पूरी कर ली है। यह यात्रा उन्होंने छह महीनों में पूर्ण की, जिसमें उन्होंने देश के कोने-कोने में गौसेवा का संदेश फैलाया।कृष्णा ठाकुर पेशे से एक गौरक्षक हैं, जो न केवल बेसहारा गौमाताओं को आश्रय देते हैं, बल्कि उनका उपचार भी करते हैं। वे वर्षों से इस कार्य में निस्वार्थ भाव से जुटे हुए हैं। अपनी यात्रा के दौरान उन्होंने देशवासियों से गौमाता की सेवा और रक्षा करने की अपील की।कृष्णा ठाकुर का कहना है, ₹गौमाता हमें बिना कुछ लिए अमृत तुल्य दूध प्रदान करती हैं, और बदले में लोग उन्हें सड़कों पर बेसहारा छोड़ देते हैं। यह न केवल अमानवीय है, बल्कि हमारी संस्कृति के भी खिलाफ है। उन्होंने यह भी बताया कि अब उनकी अगली यात्रा गौमाताओं को आवारा छोड़ने वालों के खिलाफ जनजागृति अभियान के रूप में होगी। उनका लक्ष्य है कि हर गांव और शहर में गौसेवा की भावना जागृत हो और प्रत्येक व्यक्ति इस जिम्मेदारी को समझे।कृष्णा ठाकुर जैसे समर्पित व्यक्तित्व समाज के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं, जो यह सिद्ध करते हैं कि एक व्यक्ति भी समाज में बड़ा बदलाव ला सकता है, बस इरादे नेक और संकल्प दृढ़ होने चाहिए।

## हर्षोल्लास के साथ मनाया गया गुरु पूर्णिमा महोत्सव



**बिछुआ।** गुरुओं के चरण वंदना में ज्ञान सेवा संस्कार का अनोखा संगम स्कूल में गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर कार्यक्रम आयोजन श्रद्धा, भावना और गरिमा के साथ संपन्न हुआ कार्यक्रम का शुभारंभ छात्रों के द्वारा सभी शिक्षकों को तिलक लगाकर एवं पुष्प माला से सम्मानित करके किया गया। सभा का संचालन सौम्यता एवं अनुशासन के साथ किया गया।अंग्रेजी भाषण में गुरु की भूमिका को वैश्विक दृष्टिकोण से प्रस्तुत किया गया। हिंदी भाषण में भारतीय संस्कृति में गुरु के स्थान को भावनात्मक रूप से समझाया गया। संस्कृत दोहों के माध्यम से पारंपरिक शैली में गुरु महिमा का संक्षिप्त चित्रण हुआ। गुरु वंदना गीत विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत एक भावपूर्ण समूहगान ने वातावरण को भक्तिमय बना दिया। हिंदी कविता के माध्यम से गुरु को जीवन का पथप्रदर्शक बताया गया।विद्यालय फाउंडर आदरणीय बोबडे सर के द्वारा प्रेरणादायक उद्बोधन इस सभा का विशेष आकर्षण रहा। उन्होंने अपने संदेश में स्वामी विवेकानंद और उनके गुरु श्री रामकृष्ण परमहंस की प्रेरक कथा साझा करते हुए कहा:"जब विवेकानंद जीवन के गूढ़ प्रश्नों के उत्तर की खोज में भटक रहे थे।

## 15 लाख रुपए की लागत से बनेंगे भवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव



नगर पालिका परिषद जुन्नारदेव के द्वारा रविवार को वार्ड क्रमांक 5 के लिए स्वीकृत आंगनबाड़ी व वार्ड 6 के लिए स्वीकृत सामूहिक भवन निर्माण के लिए पूर्व वार्ड क्रमांक 6 की जर्ज़र कांजी हाउस के स्थान को तोड़कर भूमि पूजन कराया गया।

इस दौरान वार्ड क्रमांक पंच एवं छे की वर्षों से पड़ी मांग को नगर पालिका अध्यक्ष रमेश सलोढे, की परिषद के द्वारा स्वीकृति प्रदान कर जनहित की मांग की पूर्ति हुई अपील समिति सदस्य पार्षद संजय जैन, श्रीमती सावित्री दुर्गे अमित यादव, शरद कुरोलिया,नीता कुरोलिया,अरुणेश जायसवाल ने सामूहिक रूप से यहां आंगनबाड़ी भूमि पूजन व सामूहिक भवन निर्माण कार्य के दौरान अपनी उपस्थिति दी।

ज्ञात हो की नगर पालिका के चौथे चरण के तहत वार्ड क्रमांक 6 कांजी हाउस को तोड़कर नगर पालिका सामूहिक भवन भवन का निर्माण व आंगनवाड़ी निर्माण कार्य कराया जा रहा है.जिससे आगामी भविष्य में वार्ड क्रमांक 6 व अन्य वार्ड के बच्चों को आंगनबाड़ी की एवं वार्ड की लोगों को सामूहिक भवन सुविधा का लाभ प्राप्त हो सकेगा।

भूमि पूजन कार्यक्रम मैं मुख्य नगर पालिका अधिकारी श्रीमती नेहा धुर्वे सब इंजीनियर अनुराग सरिया निर्माण एजेंसी अरविंद सिंह परिहार नावेद सिद्दीकी सहित भारी संख्या में वार्ड वासी उपस्थित रहे उक्त भूमि पूजन पर नगर पालिका अध्यक्ष रमेश जी ने कहा कि जुन्नारदेव नगर पालिका परिषद जनता की मांगों को ध्यान रखते हुए नगर में विकास कार्य पूर्ण गुणवत्ता के साथ निर्माण जारी हो रहे हैं सबका साथ सबका विकास एवं सबके प्रयास से नगर के विकास का निरंतर जारी रहेंगे।

## संयुक्त संचालक मरावी ने मेंडकी स्कूल का किया आकस्मिक निरीक्षण

**वारासिवनी।** संयुक्त संचालक शिक्षा श्री मरावी ने वारासिवनी क्षेत्र के दौरे के दौरान शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मेंडकी का आकस्मिक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने विद्यालय के समस्त दस्तावेजों का निरीक्षण किया। उसके बाद उन्होंने शिक्षकों व बाबूओं की सामूहिक बैठक ली। इस बैठक में उन्होंने बच्चों के पढ़ाई के स्तर को बढ़ाने, अंकुर एप व वायुदूत एप के बारे में बताते हुए वृक्षारोपण का लक्ष्य दिया। उनके द्वारा स्वयं भी शाला परिसर में वृक्षारोपण का कार्य किया गया। इस वृक्षारोपण कार्य में संयुक्त संचालक श्री मरावी, शाला की प्राचार्य नंदा रंगारी, गाइड कैप्टन उमा मार्को, उच्च माध्यमिक शिक्षक उमेश गौतम, श्रीमती रहांगडाले मैडम, श्रीमती डोंगरे मैडम, श्री मसखरे सर, श्री खांडेकर सर, फिजा अहमद, राजू भैया सहित अन्य लोग सम्मिलित हुए।

## स्व. आशीष पटेल की मनाई गई पंद्रहवीं पुण्यतिथि

### परिजनो एवं ईस्ट मित्रों ने सिविल अस्पताल में मरीजों को बांटे फल



**हरिभूमि न्यूज लांजी।** समय बीत जाता है, पर स्मृतियाँ अमर रहती हैंङ्गमृत्यु शायद जीवन का सबसे बड़ा और अपरिहार्य सत्य है। हालाँकि, किसी प्रियजन को खोना कभी आसान नहीं होता।

यह वाक्य नगर के भिलाई मार्ग पर स्थित पटेल परिवार के होनहार एवं मिलनसार व्यक्तित्व के धनी आशिष (छोटू पटेल) महिमेहरों के व्यक्तित्व और जीवन पर सटीक बैठते हैं। विदित हो आज से पंद्रह वर्ष पूर्व 13 जुलाई 2010 को एक दुर्घटना में आशिष (छोटू पटेल) महिमेहरों की असामयिक मृत्यु हो गई थी। स्व. छोटू पटेल का व्यवहार आज भी लोगो के स्मृति पटल पर है। इनकी पंद्रहवीं पुण्य तिथि पर आज 13 जुलाई को परिजनों द्वारा शांतिपाठ कराकर सिविल अस्पताल में मरीजों को फलों का एवं छोटे बच्चों को वस्त्रों का वितरण किया गया। इस सम्पूर्ण कार्यक्रम में परिजनों एवं इष्टमित्र उपस्थित रहै। इस दौरान लांजी क्षेत्र के विधायक राजकुमार कर्राहे ने कहा कि मेरे पारिवारिक सदस्य रहे स्व.आशीष (छोटू) पटेल के पुण्य स्मरण पर आज सिविल अस्पताल लांजी में पारिवारिक सदस्यों और मित्रों के साथ मरीजों और जरूरतमंदों को फल वितरण करते हुए श्रद्धांजलि अर्पित की गई। उन्होंने कहा सामाजिक कार्यो में छोटू की रुचि और सक्रियता देखते ही बनती थी। अल्पायु में दुर्घटनावश आज वह हमारे बीच मे नही है लेकिन उसकी यादें हमेशा हमारे साथ ओर हमारे बीच रहेंगी। पुण्यतिथि में फल वितरण के दौरान क्षेत्रीय विधायक राजकुमार कर्राहे, श्रीमती मंजू कर्राहे, राजा पटेल महिमेहरो, ओम महिमेहरो, सोम कर्राहे, उज्वल श्रीवास्तव, जीवन किरनापुरे, देवेश एड़े, सुभाष सहारे, नितिन बड़गैया, शालू अली, मोनू पशिने, उपकेंद्र वराडे, विशाल दुग्गड, मोनू वराडे एवं सिविल अस्पताल लांजी से बीएमओ अक्षय उपरांड़े, सचिन रावल, एवं सभी परिजन तथा इष्ट मित्रो के साथ अस्पताल के सभी कर्मचारी उपस्थित रहे।

## स्कूल से गायब हो रहा खेल मैदान : नगर परिषद ने रखे वाहन, दुकानदारों ने किया अतिक्रमण



**हरिभूमि न्यूज कटंगी।** राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 में खेलों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बना दिया गया है. राष्ट्रीय खेल नीति 2025 में इसे मंजूरी दे दी गई है. इसके अलावा शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 भी विद्यार्थियों को न केवल शिक्षा प्राप्त करने बल्कि खेलने और शारीरिक गतिविधियों के लिए जगह मिले यह सुनिश्चित करता है. बावजूद इसके बालाघाट जिले के कटंगी विकासखंड मुख्यालय में स्थित शासकीय नवीन माध्यमिक शाला से खेल का मैदान गायब हो रहा है. नगर परिषद स्कूल मैदान में पानी टैंकर से लेकर पशु वाहन खड़ा कर रही है. जिससे स्कूली विद्यार्थी खेल गतिविधियों से दूर हो रहे है. दुसरी तरफ स्कूल परिसर के सामने दुकानदारों ने अस्थाई दुकान के नाम पर अवैध अतिक्रमण कर लिया है. जिसे हटाने की जिम्मेदारी नगर परिषद की है लेकिन वह अतिक्रमण नहीं हटा रही है. बल्कि स्कूल परिसर के सामने लगी यह दुकानें ठेकेदार की उगाही का हिस्सा बन चुकी है. इस स्कूल में सिर्फ प्ले ग्राउंड ही एक समस्या नहीं बल्कि परिसर के आस-पास बाउंड्री वॉल नहीं होने के कारण शिक्षा का यह मंदिर शाम होते ही शराबियों के लिए मयखाना और असामाजिक तत्वों के लिए अय्याशी का अड्डा बन जाता है. जहां शाम होते ही अंधेरे में जाम छलकते है गाली-गलौज और शोर शराबा होता है. विद्यार्थियों ने चर्चा करते हुए एक सुर में खेल मैदान में वाहनों के खड़े होने और अतिक्रमण से होने वाली परेशानियों को बताया और कहा कि वह किसी भी प्रकार की खेल गतिविधि में हिस्सा नहीं ले पा रहे है. स्कूल की प्रधान पाठिका चन्द्रकांता मेश्राम ने बताया कि उन्होंने सीएमओ, एसडीएम से शिकायत कर वाहनों को हटाने की मांग की ताकि विद्यार्थी मैदान में खेल सके. विधायक गौरव सिंह पारधी से स्कूल में बाउंड्री वॉल बनाने की मांग की लेकिन उन्होंने भी कोई ध्यान ही नहीं दिया. गौरतलब हो कि शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में बच्चों के खेल मैदान से जुड़ा विषय केवल खेल गतिविधियों से जुड़ा मामला नहीं यह बच्चों के मानवाधिकारों का हनन भी है।

एक तरफ तो केंद्र सरकार भारत को खेल में वैश्विक खेल महाशक्ति बनाने के लिए राष्ट्रीय खेल नीति बना चुकी है. मगर, वहीं दूसरी तरफ शासकीय नवीन माध्यमिक शाला जैसे स्कूल के पास अच्छा प्लेग्राउंड नहीं होना राष्ट्रीय खेल नीति का मजाक बना रही है. मैदान में नगर परिषद अपने वाहनों को खड़ा कर रही है. प्रधान पाठक स्कूल के लिए बाउंड्री वॉल की मांग करती है तो कोई ध्यान नहीं जाता है. उनकी बातों को जिम्मेदार अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के द्वारा इस से अनसुना कर दिया गया है जैसे मानो उन्होंने अंतरित से जमीन पर चांद-सितारे लाने की मांग कर दी है. एक तरह मध्य प्रदेश में स्कूलों में पेंट के नाम पर कई लाख रुपए का भ्रष्टाचार सामने आया है. अधिकारी एक घंटे में 19 हजार का ड्राय फ्रुट खाकर हजम कर रहे है. मगर, एक सरकारी स्कूल की बाउंड्री वॉल के लिए सरकार के अफसर और नेताओं को ध्यान नहीं दिया जाना समझ से परे है।

## ग्राम अतरिया के कृषकों को कृषि विभाग के द्वारा किया गया रागी बीज का वितरण



**हरिभूमि न्यूज लाँजी।** बालाघाट जिले में धान की फसल के अलावा रागी कोदो कुटकी की अपार संभावनाओं को देखते हुए कृषि विभाग द्वारा जिले में उक्त फसल हेतु भरसक प्रयास किया जा रहा है। जिसके लिए उपसंचालक कृषि फूलसिंह मालवीय के मार्गदर्शन में मैदानी अमला द्वारा अपने क्षेत्र के वनांचल ग्रामों के कृषकों से लगातार संपर्क किया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रागी कोदो कुटकी फसलों को श्री अन्न के रूप में सामने लाने का प्रयास किया जा रहा है। जिसके तहत राज्य शासन द्वारा भी भरसक प्रयास किए जा रहे है। रागी की फ़सल खरीफ एवं रबी फोन सीजन में बोई जाने वाली फसल है।जिसके बोने के लिए रोपा एवं बोवार दोनो पद्धति प्रचलित है।इसकी बीज दर 10 kg प्रति हेक्टर होती है। तथा उत्पादन 10 से 12 क्विंटल लगभग प्रति एकड़ होती है। इसके लिए हल्की बलुई मिट्टी अच्छी मानी जाती है।इस फसल का उपयोग खाने के लिए चावल के रूप में एवं आटा बनाकर उपयोग किया जाता है।इससे तरह तरह के व्यंजन बनाए जाते है। इसका उपयोग ब्लड प्रेशर, शुगर , बीपी के लिए खास कर किया जाता है। दिनांक 13 जुलाई को विकासखंड किरनापुर अंतर्गत ग्राम पंचायत पीपलगांव कला, ग्राम पंचायत कोसमारा अंतर्गत ग्राम अतरिया, मेंडरा, भक्कूटोला, कोसमदेही के कृषकों को रागी बीज का वितरण किया गया, इस दौरान क्षेत्र के जनपद सदस्य प्रतिनिधि भोजराज धनोले , पंच प्रतिनिधि हीरालाल टेकाम , ग्राम अतरिया के पुलिस पटेल पुनेश्वर टेकाम , क्षेत्र के कृषि विस्तार अधिकारी गांधी घोरमारे के साथ अन्य कृषक लक्ष्मण पंद्रे , सुंदरलाल टेकाम, श्यामलाल टेकाम, नरेंद्र उईके, प्रेमलाल मरावी, खेमचंद पंद्रे, श्रीमती सिंधु बाई अड़मे, श्रीमती सुनीता टेकाम , व अन्य किसान उपस्थित रहे।

**वन पट्टाधारी कृषक को किया गया लाभान्वित:** ग्राम पंचायत कोसमारा अंतर्गत भक्कुटोला के वन पट्टाधारी कृषक सोनेलाल वट्टी को रागी बीज प्रदान कर लाभान्वित किया गया।

## विधायक ने ग्राम पहुँच कर ग्रामीणों से की चर्चा, घटना स्थल का किया निरीक्षण

# प्रशासन की लापरवाही के चलते ग्राम बकेरा, उमरवाड़ा और लालपुर तालाब की टूटी पार

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

जनपद पंचायत वारासिवनी अंतर्गत ग्राम पंचायत बकेरा, उमरवाड़ा, लालपुर में तालाब की पार टूटने से आसपास के खेतों में पानी घुस गया। जिससे सैकड़ों किसानों की खेती बर्बाद हो गई। स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया हैं। यह सब प्रशासन की निगरानी और रखरखाव की कमी के कारण हुआ, तालाब का उचित रखरखाव और निगरानी ना होने से तालाब की पार टूट गई। इसकी शिकायत ग्रामीणों द्वारा कई बार उच्च अधिकारी से की गई थी। मगर किसी भी अधिकारी ने तालाब की ओर ध्यान नहीं दिया। जिसका परिणाम यह रहा कि तालाब की पार फूटने के बाद तालीाब का पूरा पानी खेतों में बह गया और खेती की फसलें पूरी तरह नष्ट हो गई और तालाब में पाली गई सारी मछली भी बह गई। जिससे किसानों को लाखों रुपए का नुकसान उठाना पड़ा। घटना की सूचना मिलने पर विधायक विवेक विक्की पटेल मौके पर पहुँचे और कलेक्टर से चर्चा कर किसानों को हुए नुकसान का सर्वे करवाकर जल्द मुआवजा दिलाने की बात कही।

**ग्रामीणों ने जल्द तालाब की मरम्मत करने की मांग:** ग्राम बकेरा, उमरवाड़ा और लालपुर में प्रशासन की लापरवाही के कारण तालाब उपेक्षा का शिकार हो गया था। इस तालाब का निर्माण कई वर्ष पूर्व कराया गया था। लंबे समय से तालाब का सौन्दर्यीकरण नहीं होने से तालाब की पार टूट गई और पूरा पानी सहित पूरी मछलियॉ बह गई। ऐसी स्थिति में आने वाले दिनों में लोगों को पानी की काफी परेशानी उठाना पड़ सकता हैं। अगर जल्द ही इस तालाब का मरम्मत कार्य शुरू नहीं किया गया, तो बाकी बचा पानी भी पूरा बह जाएगा।

सरपंच प्रताप सिंह बिसेन ने कहा कि बारिश के पूर्व ही सिंचाई विभाग को तालाब की कमियाँ के बारे में अवगत करा दिया गया था। पिछले वर्ष भी बड़े-बड़े भूरके लग गए थे, ग्रामीणों और विभाग की मदद से भुरके लगवाई गई थी। मगर इस बार विभाग ने ठीक नहीं करवाया। उन्हीं की लापरवाही की वजह से तालाब की पार टूट गई, जिससे तालाब से सटी किसानों के खेत में लगी फसल पूरी तरह से नष्ट हो गई। जिससे सैकड़ों किसानों को नुकसान उठाना पड़ा हैं, वही तालाबों से जीवन यापन करने वाले मछुआरों का भी जीवन आर्थिक संकट से गुजर रहा है।



### किसानों को जल्द मुआवजा दिलाने कलेक्टर से की चर्चा- विवेक पटेल

इस मौके पर विधायक विवेक विक्की पटेल ने कहा कि प्रदेश सरकार हर वर्ष पानी की बूंद-बूंद बचाने की कवायद करती रहती हैं। उसके बाद भी नगरीय सहित ग्रामीण क्षेत्र में जल संकट की समस्या खड़ी हो जाती हैं। जिसकी पूर्ति करने के लिए नगरी निकाय संसाधनों पर लाखों रुपये खर्च करती हैं। इसके बाद भी प्रशासन का इस ओर ध्यान नहीं हैं। इन तालाबों की मरम्मत कार्य और रखरखाव नहीं होने कारण आलम यह है कि ग्राम बकेरा, उमरवाड़ा और लालपुर में तालाब की पार फूट गई और तालाब का पूरा पानी और मछलियॉ बह गई हैं। किसानों की खेती पर भी बुरा असर पड़ा हैं, रोजी-रोटी करने वाले मछुआरों को भी संकट का सामना करना पड़ सकता हैं। प्रशासन की लापरवाही की कारण तालाब की मरम्मत और रखरखाव नहीं होने के कारण तालाब की पार फूट गई। हमारे द्वारा कलेक्टर बालाघाट से चर्चा की गई हैं, उन्होंने कहा हैं कि जल्द सर्वे करवाकर किसानों को मुआवजा दिया जायेगा।

# सनसनीखेज पवन उर्फ सोनू पाराशर हत्याकांड: मुख्य आरोपी घनश्याम प्रजापत गिरफ्तार, ब्लैकमेलिंग और पैसों का लालच बना हत्या का कारण

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

सिवनी पुलिस ने बहुचर्चित पवन उर्फ सोनू पाराशर हत्याकांड का खुलासा करते हुए मुख्य आरोपी घनश्याम प्रजापत सहित दो नाबालिग सहयोगियों को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस अधीक्षक सुनील मेहता ने आज एक प्रेस कॉन्फ्रेंस में इस पूरे मामले की परतें खोलीं और बताया कि अश्लील तस्वीरों को लेकर ब्लैकमेलिंग और पैसों का लालच ही इस जघन्य हत्या का मुख्य कारण बना।



## गुमशुदगी से हत्याकांड तक का सफर:

पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता ने जानकारी देते हुए बताया कि 09 जुलाई 2025 की शाम करीब 8 बजे के बाद से पवन पाराशर उर्फ सोनू (निवासी शास्त्री वार्ड, बारापत्थर, सिवनी) संदिग्ध परिस्थितियों में लापता हो गए थे। परिजनों द्वारा लगातार तलाश के बावजूद जब उनका कोई पता नहीं चला, तो 10 जुलाई 2025 को थाना कोतवाली सिवनी में गुम इंसान क्रमांक 85/2025 दर्ज किया गया।

कोतवाली पुलिस ने गंभीरता से लेते हुए पतासाजी शुरू की, जिसके दौरान गुम इंसान के घर से मानेगांव रोड पर लगभग 500 मीटर दूर झाड़ियों में उनकी स्कूटी मिली। वरिष्ठ अधिकारियों ने इस घटना को गंभीरता से लेते हुए डूंडासिवनी और कोतवाली पुलिस को संयुक्त रूप से पतासाजी और तकनीकी सहायता लेने के निर्देश दिए।

## शव की बरामदगी और हत्या का खुलासा:

दिनांक 12 जुलाई 2025 को एक महत्वपूर्ण सूचना मिली कि मानेगांव में रोड से लगभग 50 मीटर दूर एक गड्ढे में, जिसमें पानी भरा था, कुछ पत्थर से दबा हुआ प्रतीत हो रहा था और वहां से बुलबुले भी निकल रहे थे। कोतवाली और डूंडासिवनी पुलिस ने तुरंत सी.एस.पी. श्रीमती पूजा पाण्डेय के मार्गदर्शन में मौके पर पहुंचकर स्थिति का जायजा लिया। संदिग्ध स्थिति को देखते हुए, गुम इंसान के परिजनों की मौजूदगी में गड्ढे से पानी खाली कराया गया। गड्ढे में एक व्यक्ति का शव उल्टा लेटा हुआ मिला, जिसकी कमर में तार से पत्थर बांधकर ऊपर रखे गए थे। पत्थरों को हटाने पर शव की पहचान पवन पाराशर उर्फ सोनू के रूप में हुई। घटनास्थल का मुआयना और शव को देखने से स्पष्ट हुआ कि यह एक हत्या का मामला है।

## साजिश और गिरफ्तारी:

घटना की सूचना तत्काल पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता को दी गई, जिन्होंने इसे गंभीरता से लेते हुए आरोपियों की पतासाजी और हत्या का खुलासा करने हेतु निर्देशित किया। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा के मार्गदर्शन में डूंडासिवनी और कोतवाली की संयुक्त टीम गठित की गई। आरोपियों की पतासाजी के लिए मृतक पवन पाराशर के साथ उठने-बैठने वाले लोगों और अन्य साथियों से कड़ाई से पूछताछ की गई और तकनीकी सहायता भी ली गई। इसी आधार पर मानेगांव से तीन लड़कों को संदेह के आधार पर हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिन्होंने हत्या में शामिल होना स्वीकार किया।

सख्ती से पूछताछ में खुलासा हुआ कि घनश्याम प्रजापत का अपने साथी नाबालिग किशोर के साथ सोनू पाराशर के यहां आना-जाना लगा रहता था। नाबालिग किशोर (निवासी मानेगांव) ने घनश्याम को बताया कि पवन उर्फ सोनू पाराशर के मोबाइल में उसकी कुछ अश्लील तस्वीरें (Obscene photos) थीं, जिसे लेकर पवन उसे परेशान कर रहा था। साथ ही, घनश्याम को यह भी पता था कि पवन पाराशर के पास अक्सर जेब में पैसे रहते थे। घनश्याम को घर का किराया चुकाने और ऑनलाइन गेम खेलने के लिए पैसों की आवश्यकता थी, जिससे दोनों ने मिलकर 09 जुलाई 2025 की शाम को ही पवन पाराशर को मारने की योजना बना ली। इस काम के लिए उन्हें एक हथियार की जरूरत थी, जो एक अन्य नाबालिग किशोर द्वारा एक लोहे का चाकू उपलब्ध कराया गया।

## हत्या की पूरी दास्तान:

योजना के तहत, चूंकि नाबालिग किशोर के यहां पवन पाराशर का आना-जाना रहता था और उस समय घर में कोई नहीं था, इसलिए उन्होंने पवन को वहीं बुलाने की योजना बनाई। दिनांक 09 जुलाई 2025 को रात्रि करीब 09:00 बजे नाबालिग किशोर ने पवन पाराशर को बुलाया। जैसे ही पवन पाराशर पलंग पर बैठे, उनके दाएं-बाएं नाबालिग किशोर और घनश्याम प्रजापत बैठे हुए थे। बीच में पवन पाराशर बैठे थे। घनश्याम प्रजापत ने पवन पाराशर की गर्दन पर लोहे के धारदार चाकू से एक प्राणघातक हमला किया, जिससे पवन पाराशर जमीन पर गिर गए। उनके मरने तक लगातार 08-10 बार गर्दन, सिर और कंधे पर पीछे की तरफ वार किए गए। शव को छिपाने की नियत से, आरोपियों ने उसे घर के पीछे एक गड्ढे में, जिसमें पानी भरा हुआ था, ले जाकर पत्थर से दबा दिया ताकि कोई देख न सके। घर में फैले खून को प्लास्टिक की बोतल में भरकर मानेगांव रोड के किनारे झाड़ियों में फेंक दिया गया। मृतक की स्कूटी और स्कूटी की चाबी भी झाड़ियों में छिपा दी गई थी।

## लूट और आगे की कोशिश:

मृतक की जेब से लगभग 7000/- रुपये मिले थे, जिससे घनश्याम ने अपने मकान मालिक को किराये का भुगतान किया। नाबालिग किशोर (निवासी मानेगांव) को यह भी जानकारी थी कि मृतक के घर में कुछ पैसे की गड्डी रखी रहती है। इस पैसे को हासिल करने के लालच में, घटना के बाद आरोपी घनश्याम प्रजापत पैदल जाकर मृतक के घर का ताला खोलने का प्रयास किया, लेकिन ताला नहीं खुला।

## गिरफ्तार आरोपी:

घनश्याम उर्फ नवीन प्रजापत पिता मदनपाल प्रजापत (आर्य) उम्र 19 साल, निवासी ग्राम लुग्मा, थाना बंदोल (किराए से मानेगांव चौक, सिवनी में रहता था), स्थायी निवासी ग्राम भामहाका, थाना टप्पूड़ा, जिला अलवर (राजस्थान)। विधि उल्लंघनकारी बालक - 02 (नाबालिग)।

पुलिस अधीक्षक श्री सुनील मेहता ने इस पूरे हत्याकांड का खुलासा करने और आरोपियों को गिरफ्तार करने वाली टीम की सराहना की।

## खबर संक्षेप

### भोंगाखेडा स्कूल के विद्यार्थियों ने किया पौधा रोपण, एक पेड़ मां के नाम

**हरिभूमि न्यूज सिवनी।** पेड़ हमें जीवनदायिनी ऑक्सीजन गैस प्रदान करते हैं हरी भरी पृथ्वी ही हमारे जीवन का मूल आधार है। बिना पेड़ों के हम अपने जीवन की कल्पना भी नहीं कर सकते है प्रत्येक व्यक्ति को अपने जीवन काल में पेड़ अवश्य लगाने चाहिए। एक छोटा पौधा जब धीरे-धीरे वृद्धि कर पुष्पित पल्लवित होता है तो उसे रोपित करने वाले का मन प्रसन्नता और उल्लास से भर जाता है । शासन की महत्वकांक्षी पौधारोपण योजना एक पेड़ मां के नाम का आज शासकीय माध्यमिक शाला भोंगाखेडा में संस्था के प्रधान पाठक संजय तिवारी के मार्ग दर्शन में बृहद आयोजन किया गया जिसमें कक्षा पहली से आठवीं तक के छोटे-छोटे बच्चों के द्वारा विद्यालय में 80 छोटे-छोटे पौधों का पौधारोपण किया गया .जिनमें नीम, तुलसी,आम , अनार, जामुन, जाम, नींबू मीठी नीम, सहजन आदि विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। साथ ही बच्चों ने संकल्प किया कि वे सभी अपने द्वारा लगाए गए पौधों की देखभाल और सुरक्षा की जिम्मेदारी निभाएंगे और उन्हें अपने साथ धीरे-धीरे बढ़ता हुआ देखेंगे।

# बस और ट्रक की जोरदार भिड़ंत बाल-बाल बचे यात्री

सोनखार (प्रदीप तिवारी)

**बालाघाट से चलकर केवलारी की ओर जाने वाली कौशल बस की ट्रक से जोरदार ट्क्कर हो गई घटनास्थल को देखने लगता है कि बे लगाम ट्रक की वजह से घटना घटी मौके पर उगली पुलिस ने घटनास्थल पहुंची यह घटना मां बंजारी पास घटित हुई**

हरिभूमि न्यूज सिवनी।



घटना के तुरंत बाद उंगली पलिसग मौके पर पहुंची बताया जा रहा है यात्रियों को गंभीर चोटे नहीं आई है बस ड्राइवर की समझदारी से यह बड़ी घटना टल गई।

प्राथमिक उपचार के लिए यात्रियों को उपस्वथ केंद्र उगली रवाना किया ट्रक चालक को गंभीर चोट आई है जिसे बडी मसंकत लगभग 3 घंटो बाद ट्रक फंसे ड्राइवर को पुलिस ने निकल पाई उपस्थित आम नागरिकों ने घटना के बाद सहायता की।

# नगर पालिका के मानस भवन में स्वास्थ्य विभाग द्वारा टी.वी. स्क्रिनिग केम्प का आयोजन



हरिभूमि न्यूज सिवनी।

शनिवार12 जुलाई को नगर पालिका के मानस भवन में स्वास्थ्य विभाग सिवनी द्वारा द्वारा टी.वी. स्क्रिनिग केम्प आयोजित किया गया जिसमें निकाय के समस्त अधिकारियों वं कर्मचारियों ने शिविर में पहुंचकर स्वास्थ्य परीक्षण कराया।वहीं अन्य 04 नागरिक जिन्हे टीबी रोग है नगर पालिका कार्यालय अधीक्षक श्री हरीश पराते वं प्रभारी सहायक राजस्व निरीक्षक श्री निर्मल अवधिया द्वारा टी.वी. के मरीजों को स्वास्थ्य उपचार संबंधी किट प्रदान की गई।



# मठ सरकार का हुआ अद्भुद श्रृंगार

**सिवनी ।** शिव की पावन धरा सिवनी मैं नगर के प्राचीनतम मंदिर मठ सिद्ध पीठ मैं सावन मास मैं। मठ सरकार का अदभुद श्रृंगार किया जा रहा है । महाकाल समिति द्वारा सावन मास के प्रत्येक शनिवार को अदभुद श्रृंगार किया जा रहा है । इसी तारतम्य मैं मठ मंदिर समिति के सदस्यों ने बताया कि प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी सावन मास के प्रत्येक शनिवार को मठ सिद्ध पीठ मैं स्थापित शिव जी का अदभुद श्रृंगार किया जायेगा । इसी कड़ी मैं 12 जुलाई की रात्रि मे बाबा जी का अदभुद श्रृंगार किया गया । इस संबंध समिति के सदस्यों ने आगे बताया कि श्रृंगार के उपरांत बाबा शिव जी की ढोल नगाड़ो के साथ पूजन अर्चन करने के साथ भव्य महा आरती की गई । इस अवसर भारी जनसमुदाय उपस्थित रहा । महाकाल समिति ने भक्तों से निवेदन किया गया कि सावन मास मे अधिक अधिक संख्या मैं मंदिर मैं उपस्थिति दर्ज कराए । इस श्रृंगार मैं मठ मंदिर समिति के सभी सदस्यों का सराहनीय योगदान रहा ।

# पलारी रेलवे स्टेशन में यात्री गाड़ी रोक जाने की मांग

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

निर्वाचन क्षेत्र सिवनी मंडला संसदीय क्षेत्र है जिसके अंतर्गत केवलारी विधानसभा क्षेत्र भी आता है तथा इसी के अंतर्गत नैनपुर वं सिवनी के मय सबसे बड़ा रेलवे स्टेशन पलारी है जो की छोटी रेलवे लाइन के समय से ही सबसे अधिक राजस्व कमाने वाला रेलवे स्टेशन रहा है (2) पलारी रेलवे स्टेशन से होकर प्रमुख गाडिय़ों में से(1 )रीवा से चलकर इतवारी जाने वाली ट्रेन (2)इतवारी से चलकर रीवा जाने वाली ट्रेन तथा (3)शहडोल से चलकर नागपुर वं (4)नागपुर से चलकर शहडोल चलने वाली ट्रेन तथा कल 14 जुलाई से प्रारंभ होने वाली पेंचव्हेली ट्रेन भी पलारी रेलवे स्टेशन में रुकेसी किसी प्रकार की रेलवे का कोई अधिसूचना नहीं है (3) पलारी क्षेत्र में ट्रेन रोकी जाने हेतु जनप्रतिनिधियों वं समाज सेवी संगठनों के अलावा आम नागरिकों ने भी वं व्यापारियों ने भी समय-समय पर आपके क्षेत्रीय दौरा के दौरान आपको लगातार अवगत कराया है जिस पर आपने समय-समय पर स्थानीय रेलअधिकारियों को पत्र भी लिखा है तथा मेरे द्वारा भी व्यक्तिगत प से आपके समक्ष उपस्थित होकर क्षेत्रीय समस्याओं के विषय में समय-समय पर अवगत कराया जाता रहा है जिस पर आज दिनांक तक आपके द्वारा कोई रुचि नहीं दिखाई जाती है (4) पलारी रेलवे स्टेशन में ट्रेनों के रुकने से आदिवासी अंचल के लगभग 80 से अधिक ग्रामों के लोगों का आवागमन होगा तथा कॉलेज पढ़ाई करने जाने वाले विद्यार्थियों को उच्च शिक्षा हेतु कम खर्चे में ( मासिक पास) आवागमन उपलब्ध होगा साथ ही पंडित दीनदयाल उपायाय जी का मूलमंत्र जिसके आधार पर केंद्र वं प्रदेश में हमारी सरकार कार्यरत हैं (समाज के अंतिम छोर के व्यक्ति को बराबर से लाकर खड़े कर देना वं पीड़ित जनमानस की सेवा करना ही हमारा मूल मंत्र है) (5) पलारी क्षेत्र से प्रतिदिन लगभग 50 से अधिक अस्वस्थ व्यक्ति इलाज वं स्वास्थ्य लाभ लेने हेतु नागपुर जाते हैं वह भी कम किरा में सरल वं सर्वसुविधा युक्त साधन से यात्रा कर पांगे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों का कर्तव्य होता है कि वह भले ही व्यक्तिगत लोगों का काम ना करें लेकिन जनमानस की समस्याओं के निराकरण पर तुरंत कार्यवाही करें सा महसूस होता है कि या तो अधिकारी कर्मचारी आपकी बातों को कोई तवज्जो नहीं देते या फिर आपकी रुचि क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण पर बिल्कुल भी नहीं है अगर आपकी रुचि रहती तो भारत सरकार के रेल मंत्री जो की घोषणा में नहीं काम पर विश्वास करते हैं तुरंत इस कार्य का आदेश कर चुके होते अगर समय रहते आपके द्वारा क्षेत्रीय समस्याओं के निराकरण हेतु कोई प्रयास नहीं किया गया तो आप आम जनमानस का विश्वास खो देंगे सा महसूस होता है अतः मान्यवर जी से निवेदन है कि शीघ्र ही इन समस्याओं के निराकरण हेतु परिणाम मूलक प्रयास किया जावे।

## मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत हितलाभ का हुआ वितरण

# जिलें की 268109 लाड़ली बहनें हुई लाभान्वित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

मयप्रदेश में महिला सशक्तिकरण की दिशा में महिलाओं के आर्थिक स्वालंबन, उनके स्वास्थ्य वं पोषण स्तर में सतत सुधार वं परिवार के निर्णयों में उनकी भूमिका सुदृढ करने के उद्देश्य से राज्य शासन द्वारा मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना का क्रियान्वयन दिनांक 05 मार्च 2023 से किया जा रहा है, जिसके अंतर्गत प्रत्येक माह में मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत अंतिम प से पात्र समस्त महिला हितग्राहियों के आधार लिंक्ड डीबीटी इनेबल्ड बैंक खातों में आर्थिक सहायता राशि का अंतरण किया जा रहा है।





इसी परिपेक्ष्य में जिला कार्यक्रम अधिकारी महिला वं बाल विकास सिवनी द्वारा जानकारी दी गई कि मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव मयप्रदेश शासन के मुख्य आथित्य में महिला सशक्तिकरण अंतर्गत राज्यस्तरीय कार्यक्रम शनिवार 12 जुलाई 2025 को जिला उज्जैन की ग्राम पंचायत नलवा में आयोजित हुआ।

मुख्यमंत्री डॉ यादव द्वारा आयोजित कार्यक्रम में मुख्यमंत्री लाडली बहना योजना की अंतिम प से पात्र महिला हितग्राहियों को माह जुलाई 2025 की मासिक आर्थिक सहायता राशि का सिंगल क्लिक से अंतरण किया गया। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण वेबकास्ट के मायम से किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जिलास्तरीय, नगर स्तरीय, वं ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित कर देखा सुना गया।

उल्लेखनीय है कि मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत पंजीकृत महिलाओं को प्रतिमाह राशि पये 1250/- आर्थिक सहायता राशि प्रदाय की जाती है। सिवनी जिले की 268109 महिलां भी लाभान्वित हुई, जिन्हें 1250/- प्रति हितग्राही के मान से माह जुलाई 2025 हेतु 32.35 करोड़ पये की आर्थिक सहायता राशि वं रक्षाबंधन पर्व के उपलक्ष्य में 250/-प्रति हितग्राही के मान से 6.75 करोड़ पये की विशेष आर्थिक सहायता राशि, माननीय मुख्यमंत्री जी द्वारा सिंगल क्लिक के मायम से जारी की गई।

जिलास्तरीय कार्यक्रम नआईसी वं कार्यालय परियोजना अधिकारी, महिला वं बाल विकास परियोजना सिवनी शहरी के हॉल में आयोजित किया गया। इसके अतिरिक्त जिले के नगरीय क्षेत्रों के वार्ड वं ग्रामीण क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर कार्यक्रम आयोजित किया जाकर, माननीय मुख्यमत्री जी के राज्य स्तरीय कार्यक्रम का सीधा प्रसारण, लाडली बहना सेना के सदस्यों, मुख्यमंत्री लाड़ली बहना योजना अंतर्गत लाभांवित हितग्राही महिलाओ, शौर्यादल के सदस्यों, लाड़ली लक्ष्मी योजना की 15 वर्ष से अधिक आयु की बालिकाओं, स्व-सहायता समूहों की महिलाओं, जनसेवा मित्र, पेसा मोबिलाईजर, जन अभियान परिषद की प्रस्फुटन समिति, अंत्योदय समिति, स्वच्छता दूत, किसान मित्र, सहयोगिनी मातृ समिति वं स्वयं सेवी संगठन से जुडी महिलाओ को दिखाया गया। जिला स्तरीय, नगर स्तरीय, वं ग्राम पंचायत स्तर पर आयोजित कार्यक्रमों में स्थानीय जन प्रतिनिधि भी सम्मिलित हुये।

## राज्य शिक्षक संघ आयोजित करेगा राज्य स्तरीय कार्यक्रम...

# प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव को करेंगे आमंत्रित

हरिभूमि न्यूज सिवनी।

**राज्य शिक्षक संघ आगामी 24 अगस्त को प्रदेश भर के शिक्षक संवर्ग का एक राज्य स्तरीय कार्यक्रम आयोजित करने जा रहा है जिसमे संघ ने प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव और शिक्षा मंत्री उदय प्रताप सिंह को आमंत्रित करने का निर्णय लिया है ।**

इस कार्यक्रम में प्रदेश की शिक्षा व्यवस्था को राष्ट्र में सर्वोपरि बनाने की दिशा में शिक्षकों की भूमिका पर चिंतन मनन किया जाएगा। साथ ही कर्मचारी राज्य सरकार के समक्ष अपनी लंबित मांगों के निराकरण का आग्रह भी करेंगे। उपरोक्त संबंध में जानकारी देते हुए राज्य शिक्षक संघ के प्रांत अध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा बताया कि प्रदेश का शासकीय शिक्षक प्रदेश सरकार की मनसा की अनुरूप मध्य प्रदेश की शिक्षा को राष्ट्र में सर्वोपरि बनाने हेतु संकल्पित है। छात्र को दी जाने वाली शिक्षा छात्र को अपने जीवन में योग्य और राष्ट्र के लिए समर्पित संस्कारवान बनाए इस दिशा में राज्य शिक्षक संघ सरकार के साथ मिलकर विशेष अभियान चलाएगा। संघ की प्रदेश कार्यकारिणी ने इस दिशा में अनेक सुझाव सरकार के समक्ष रखने का निर्णय लिया है।

शिक्षक संवर्ग की लगातार लंबित मांगों के संबंध में प्रांताध्यक्ष जगदीश यादव ने कहा कि समस्याओं से जकड़ा हुआ है। समस्याओं का निराकरण होने पर वह बेहतर तरीके से कार्य कर सकेगा शिक्षक संवर्ग की नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, ई अटेंडेंस की समाप्ति, अतिथि शिक्षकों को 12 माह नियमित सेवा,अनुकंपा नियुक्ति के नियमों का सरलीकरण जैसी विभिन्न मांगों के निराकरण की लगातार बांट जोह रही है।

कॉलेज कोड पी 554
प्रवेश प्रारंभ
डी.पी.चतुर्वेदी महाविद्यालय सिवनी
बी.ए. बी.एस.सी एम.ए.
एम.एस.(गणित, भौतिक,रसायन)
बी.कॉम एम.कॉम
डी.एड.(सभी ऑनलाईप्रक्रिया)
Major & Miner - (Each)
Open Elective Web Designing, Nursing & Hygiene, Public Administration, M.S. Office, Computer Fundamental, Multimedia, Animation
CONTACT-9424904765, 94799887990, 9407807850
9685863421, 8770294939, 9752264388, 9479467886

जिले का एक मात्र सर्वसुविधायुक्त अस्पताल
बिसेन मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल
अब सिवनी में भी नागपुर जैसी सुविधा
24 घंटे आपकी सेवा में यहाँ पर सभी ऑपरेशन और भर्ती मुफ्त में आयुष्मान योजना के तहत उपलब्ध कराई जाती है। आयुष्मान कार्ड धारकों के लिए यह सुविधा केन्द्र शासन के दिशा निर्देश के तहत दी जा रही है।
हमारी सुविधाएं
टी.एम.टी.,सोनोग्राफी, 2-D इकोकार्डियोग्राफी,हड्डी के समस्त ऑपरेशन,महिला एवं प्रसूती,रोग जनरल फिजिशियन सर्जरी, आई.सी.यू.,एनआईसीयू,मॉड्यूलर, ओटीसी.टी.,स्केन,डायलिसिस, पैथोलॉजी
सभी प्रकार की जांच सुविधा)
एस.पी. बंगला रोड, बारापत्थर सिवनी 6266248010, 9174594814

## भंते धम्म शिखर भूख हड़ताल पर, बिहार सरकार से बीटी एक्ट खत्म करने की मांग

# बौद्धों के हाथों में सौंपी जाए प्रबंधन की कमान





हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वक्ताओं द्वारा बताया गया कि पिछले दिनों 11 मार्च को सामाजिक 800 से 1000 बंधुओ के साथ महाबोधि महाविहार प्रबंधन को लेकर नगर के अंबेडकर चौक में प्रदर्शन किया गया था।जिसके माध्यम से उक्त मांगों को पूरी किए जाने की गुहार लगाई गई थी। लेकिन तब भी सरकार ने उस आंदोलन को नजरअंदाज कर दिया जिसके चलते हमें अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन का सहारा लेना पड़ा है।महाविहार में गैर बौध्दों ने अपना कब्जा जमा लिया है। उन्हें वहां से हटाना चाहिए ।बिहार सरकार से निवेदन है कि बीटीएमसी एक्ट 1949 को रद्द करें और महाबोधि महाविहार का प्रबंधन बौध्दों के हाथों में सौपा जाए।और इसके लिए आंदोलन करने वाले सामाजिक बन्धुओ पर दर्ज किए गए मुकदमे को वापस लौटाया जाए।

बिहार राज्य के बौद्ध गया स्थित महाबोधि महाविहार प्रबंधन को बौद्ध समाज के सुपुर्द करने, और महाबोधि प्रबंधन के लिए पूर्व में बनाए गए बीटीएमसी 1949 कानून को रद्द करने की प्रमुख मांग को लेकर 10 जुलाई से जिला मुख्यालय में शुरू किया गया धरना प्रदर्शन चौथे दिन भी जारी रहा।जहां स्थानीय प्रशासनिक आदेश के मुताबिक धरना प्रदर्शन का स्थान अंबेडकर चौक से बदलकर जनपद पंचायत कार्यालय के समक्ष कर दिया गया है। वही चार दिनों से जारी इस धरना प्रदर्शन के उपरांत 13 जुलाई रविवार से धरना प्रदर्शन के साथ-साथ अब अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल भी शुरू कर दी गई है।बिहार टेंपल मैनेजमेंट कमेटी को समाप्त कर, महाबोधि महाविहार का प्रबंधन बौद्धयो के हाथों में दिए जाने की प्रमुख मांग को लेकर 4 दिन शुरू किए गए इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के बीच बौध्द अनुयायियों द्वारा बिहार की सरकार पर बौद्ध धर्म के विधि विधान व पूजा पद्धति में हस्तक्षेप किए जाने का आरोप लगाया है।जिन्होंने बिहार की राज्य सरकार पर जानबूझकर बौद्धों को उनके हक और अधिकारों से वंचित किए जाने की बात कही ही।जिसके विरोध स्वरूप पूज्यबदंत धर्मशेखर ने रविवार सुबह 10 बजे से नवीन धरना स्थल जनपद पंचायत के सामने भूख हड़ताल शुरू कर दी है। जिन्होंने स्पष्ट कर दिया कि जब तक मांग पूरी नहीं हो जाती तब तक उनकी यह भूख हड़ताल जारी रहेगी।

### बौध्द अनुयायियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही बिहार सरकार

जनपद पंचायत के सामने नवीन स्थल पर शुरू किए गए इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के चौथे दिन प्रदर्शनकारियों ने बिहार राज्य की सरकार पर बोधगया स्थित माहबोधी महाविहार मुक्ति आंदोलन को लेकर आवाज बुलंद करने वाले बौद्ध अनुयायियों पर फर्जी मुकदमे दर्ज कराने का भी आरोप लगाया है। जिन्होंने स्पष्ट किया कि वहां की राज्य सरकार बौद्ध धर्म के विरोध में काम कर रही है। महाबोधि महाविहार कि प्रबंधन कमेटी बीटी एक्ट को समाप्त नहीं किया जा रहा है तो वही इसी एक्ट की आड़ में पवित्र स्थल महाबोधि महाविहार के स्वरूप व वहां की पूजा पद्धति को बदलने का भी प्रयास किया जा रहा है।जिसका विरोध करने वालों के खिलाफ वहां की सरकार फर्जी में मुकदमे दर्ज कर उन्हें परेशान करने का काम कर रही है।जहां जारी इस अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन व भूख हड़ताल के दौरान प्रदर्शनकारियों ने बौध्य अनुयायियों पर दर्ज किए गए फर्जी मुकदमों को भी वापस लिए जाने की गुहार लगाई है।

### बीटीएमसी एक्ट को समाप्त करने की जमकर नारेबाजी

बौद्ध अनुयायियो द्वारा जनपद पंचायत कार्यालय के सामने शुरू किए गए अनिश्चितकालीन धरने के दौरान अपनी विभिन्न मांगों को लेकर जमकर नारेबाजी की गई। तो वहीं उन्होंने कानून के दायरे में रहते हुए उनका यहां अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल मांगे पूरी होने तक जारी रखने की चेतावनी दी है।बताया गया कि बिहार के बौद्ध गया स्थित महाबोधि महाविहार के प्रबंधन को लेकर 1949 में बने बीटीएमसी (बिहार टेंपल मैनेजमेंट कमेटी) को खत्म करने की मांग की। बौद्ध अनुयायी मांग कर रहे है, कि इसके प्रबंधन और कमेटी का सारा दायित्व, बौद्धो को सौंपा जाएं, ताकि यहां बौद्धो के रितिरिवाज और बौद्ध उपदेशो की तरह मंदिर का संचालन हो। बौद्ध अनुयायियो का आरोप है कि गैर बौद्ध, महाबोधी महाविहार प्रबंधन कमेटी है, जबकि अन्य धर्मो के लोगो के धार्मिक स्थल का प्रबंधन, उन्हीं धर्म के लोगो के हाथो में है।इसलिए महाबोधी महाविहार मंदिर का प्रबंधन बौद्धो को सौंपा जाना चाहिए।

### जब तक मांगे पूरी नहीं होगी तब तक जारी रहेगी भूख हड़ताल -धम्म शिखर

धरना प्रदर्शन और भूख हड़ताल को लेकर की गई चर्चा के दौरान पूज्य भदंत धम्म शिखर ने बताया जाए की पूर्व में कोलकाता हाई कोर्ट के जजमेंट के आधार पर बौद्धयो के विश्व धरोहर को लौटना चाहिए क्योंकि महाबोधि महाविहार में एक्ट की आड़ में बौध्दों की धर्म संस्कृति और उनकी उपासना पद्धति पर प्रहार किया जा रहा है बिहार की सरकार उपासको पर फर्जी मुकदमे दर्ज कर रही है बिहार सरकार का बौद्ध धर्म में हस्तक्षेप हो रहा है।

अभी हाल ही में वहां राज्यपाल गए थे उन्होंने वहां पर आरती की है जबकि आरती हमारे धर्म से नहीं है ऐसे कई आयोजन हो रहे हैं जो बौद्ध धर्म या संस्कृति से नहीं है। महाविहार को पूरी तरह कब्जाने की कोशिश की जा रही है। जिसे मुक्त करने की मांग बौद्ध समाज द्वारा की जा रही है।इसीलिए इस स्थान पर अब अनिश्चितकालीन धरना प्रदर्शन के साथ-साथ उनके द्वारा अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल भी शुरू कर दी गई है। जब तक मांग पूरी नहीं होती तब तक हमारा यहां धरना प्रदर्शन व अनिश्चितकालीन भूख हड़ताल जारी रहेगी।

## मौरिया सरपंच पति सहित अन्य पर भी कार्यवाही

# जंगली सुअर का मांस जप्त कर वन विभाग ने की बड़ी कार्यवाही



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

वनमण्डलाधिकारी उत्तर सामान्य वन मण्डल बालाघाट एवं उपवनमण्डलाधिकारी उकवा सामान्य, परिक्षेत्र अधिकारी शिवमपुरी गोस्वामी वन परिक्षेत्र अधिकारी परिक्षेत्र अधिकारी दक्षिण लामता सामान्य के मार्गदर्शन मे 12 जुलाई एवं 13 जुलाई की मध्य रात्रि मे मुखबीर की सुचना के आधार पर परिक्षेत्र दक्षिण लामता सामान्य के अंतर्गत परिक्षेत्र सहायक वृत्त लामता भाग 2 के अंतर्गत मोहगांव बीट कक्ष क्रमांक 1321 ए के समीप राजस्व क्षेत्र मे एक जंगली सुअर का विधुत करंट लगाकार शिकार किया गया था जंगली सुअर के शिकार मे लिप्त ग्राम मौरिया निवासी लेखराम पिता झाडूलाल जाति महार साकिन मौरिया, निलेश पिता सुखलाल जाति ढीमर साकिन मौरिया, पतिराम पिता मंगरिया जाति ढीमर साकिन मौरिया, सोमारू पिता सुमरत जाति गोड साकिन मौरिया, भैय्या लाल पिता सुखलाल जाति ढीमर साकिन मौरिया के घरो से जंगली सुअर का पका मांस ऐल्यूमुनियम करंची ढक्कन सहित एव कडाई स्टील डब्बा मे पका मांस जप्त किया गया एव वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत वन अपराध प्रकरण क्रमांक 2765/11 दिनांक 13/07/2025 प्रकरण पंजी बध्द किया गया गया। जप्ती कि कार्यवाही मे परिक्षेत्र सहायक अधिकारी वृत्त लामता 2 दिनेश कुमार बरिये उपवनक्षेत्रपाल, गजेन्द्र बिसेन परिक्षेत्र सहायक चाचेरी, कंचन खण्डागले परिक्षेत्र सहायक समनापुर , वन अपराध जप्तीकर्त्ता हिमांशू डहरवाल बीट प्रभारी बीट मोहगांव वनरक्षक, कमल किशोर पाण्डेय , अंबिका सैय्याम, राहूल श्रीवास्तव , रजत बोपचे , निरज खटीक , दीपक सेंगर, ईमरान कुरैशी , देवांशू यादव सुरक्षा सहयोगी शैलेश दीमाक चंद नत्थू नरेन्द्र एव वाहन चालक श्री मोहम्मद शाजीद जप्ती कार्य मे विशेष योगदान रहा।

# एक पेड़ मां के नाम अभियान के तहत पौधरोपण किया

हरिभूमि न्यूज हट्टा ।

ग्राम पंचायत हट्टा सरपंच उमेश सोनेकर के नेतृत्व में एक पेड़ मां के नाम के अंतर्गत विभिन्न समितियों द्वारा पौधारोपण किया गया। प्रत्येक रविवार को साप्ताहिक स्वच्छता अभियान के तहत स्वच्छता एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए विभिन्न कार्यक्रम किए जाते हैं। इसी कड़ी में 13 जुलाई को ग्राम पंचायत हट्टा द्वारा संचालित स्वच्छता समिति, प्रस्फुटन समिति, हम फाउंडेशन एवं जन अभियान परिषद बालाघाट द्वारा सामूहिक रूप से प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के पास पौधों की सुरक्षा करते हुए पौधारोपण किया गया, जिसमें फलदार, फूलदार,छायादार एवं औषधीय पौधें लिए गए।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जनपद सदस्या रंजना वैद्य, उपसरपंच वीरेंद्र बिसेन,सामाजिक कार्यकर्ता शीला पटले, वार्ड मेंबर सुनीता मिश्रा, रूपेश गेडाम, एवं राजू बुर्रे, हम फाउंडेशन से खुर्शीद बानो कुरेशी,जन अभियान परिषद के मेंटर विजय सूर्यवंशी, प्रस्फुटन समिति अध्यक्ष विनय चौधरी, उर्वशी वैध, पंचायत कर्मचारी सुखलाल नेवार,महेंद्र यादव एवं अन्य लोगों ने अपना सहयोग दिया।



# नगर पालिका द्वारा चलाया जा रहा सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध अभियान

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

शासन द्वारा समय-समय पर सिंगल यूज प्लास्टिक प्रतिबंध के संबंध में निर्देश जारी किये जाते हैं। जिसके परिपालन में नगरपालिका परिषद वारासिवनी द्वारा समय-समय पर सिंगल यूज प्लास्टिक उपयोग न किये जाने के संबंध में प्रचार-प्रसार किया जाता रहा है। सोशल मीडिया, मुनादी के माध्यम एवं अन्य प्रचार माध्यम से सूचना जारी किये जाने के उपरांत भी दुकानदारों द्वारा सिंगल यूज प्लास्टिक का उपयोग बंद नहीं किया गया।

नवागत मुख्य नगरपालिका अधिकारी सूर्यप्रकाश उके के यह बात संज्ञान में आने पर शासन के निर्देशों का कड़ाई से पालन कराये जाने एवं सिंगल यूज प्लास्टिक को पूर्णतः प्रतिबंधित किये जाने चालानी कार्यवाही प्रारंभ करवाई गई है। सी0एम0ओ0 सूर्यप्रकाश उके ने चर्चा में बताया कि शासन द्वारा प्लास्टिक अपशिष्ठ प्रबंधन नियम 2021 के अनुसार 75 एवं 100 माईक्रॉन से कम वाले प्लास्टिक बैग, प्लास्टिक उत्पाद व सिंगल यूज डिस्पोजल प्लास्टिक वस्तुऐं, प्लास्टिक कैरी बैग, फूड पैकेजिंग, प्लास्टिक फ्लावर पॉट्स, बैनर झण्डे, पैड वाल्स, कटलरी प्लेट्स, प्लास्टिक कप, प्लास्टिक स्ट्रा, स्पून्स, पाउच, शैसे आदि तथा थर्माकोल से निर्मित सजावटी एवं अन्य सामान का भण्डारण, विक्रय, वितरण तथा उपयोग पूर्णतः प्रतिबंधित है। इन सामग्रियों का भण्डारण, विक्रय या वितरण तथा उपयोग करते पाये जाने पर जुर्माना अधिरोपित किया जावेगा।

# माध्यमिक शाला करमसरा में वितरण की गई साईकिल और स्कूल बैग



हरिभूमि न्यूज मलाजखंड।

विकास खंड बिरसा के अंतर्गत शासकीय माध्यमिक करमसरा में मध्यप्रदेश शासन के मन्शा अनुसार मुख्यमंत्री साईकिल वितरण योजना के अंतर्गत नगरपालिका परिषद मलांजखण्ड के वार्ड क्रमांक 12 करमसरा के पार्षद एवं सभापति मधु सेन्दरे के उपस्थिति में छात्र छात्राओं को दस छात्र छात्राओं को साईकिल वितरण किया गया । साथ ही हिन्दुस्तान कापर ताम्र परियोजना मलांजखण्ड के सीएसआर (SSR) सामाजिक निगमित दायित्व योजना के तहत माध्यमिक विद्यालय करमसरा के 110 छात्र छात्राओं को स्कूल बैग प्रदान किया गया जिसका भी वितरण आज स्कूल के कक्षा छटवीं, सातवीं और आठवीं के अध्ययन रत छात्र छात्राओं स्कूल बैग वितरण किया गया । इस अवसर पर वार्ड पार्षद एवं सभापति मधु सेंदरे , प्राचार्य बी. एम . पंचतिलक, श्रीमती सुलोचना रामटेकर, मनीषा डोनेटकर, क्रित्री भगत , डरना मेडम , गणेश जवारे , लखन कोहरे सहित छात्र छात्रायें उपस्थित रहे ।

# मेढ़रा प्राथमिक विद्यालय के जर्जर भवन में पढ़ने को मजबूर हैं छात्र

**हरिभूमि न्यूज किरनापुर।** मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ग्रामीण क्षेत्र में शिक्षा को बेहतर माहौल देने का दावा कर रहे हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही बयां कर रही है। जनपद शिक्षा केन्द्र किरनापुर के अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत पीपलगांव के प्राथमिक विद्यालय मेढ़रा का भवन व आंगनबाड़ी भवन दोनों जर्जर हालत में है। इस विद्यालय के छात्र डर के साए में शिक्षा ग्रहण कर रहे हैं।

1976 में इस विद्यालय का भवन बनकर तैयार हुआ था।यह विद्यालय एक निजी भवन में संचालित होता है । इस स्कूल से अनेक लोग अपनी पढ़ाई लिखाई करके विभिन्न पदों पर आसीन हुए हैं।वर्तमान समय में इस विद्यालय में पढ़ने वाले छात्र टूटे हुए विद्यालय भवन में बैठने को मजबूर है। जहां सज्जा से पिछले तीन साल से पानी टपकता है। एवं सज्जा से प्लास्टर गिर रहा है। उसी स्कूल के एक कमरें में आंगनबाड़ी लगती है लेकिन आंगनवाड़ी कार्यकर्ता सुन्दरम,मुसरे ने बताया कि ज्यादा पानी आने पर बच्चों की छुट्टी कर देते हैं। स्कूल एवं आंगनवाड़ी के समस्त रिकॉर्ड उसी स्कूल में रखें है।




शिक्षक सूर्य कांत कालबेले ने बताया कि स्कूल में 16बच्चे दर्ज है आठ दिनों से पोस्ट आफिस के चक्कर काट रहे हैं स्कूल की 03कक्षा की छात्रा मंजू/राजू पन्द्रे को लेकर आधार कार्ड बनाने लेकिन आजकल कहकर पोस्ट आफिस वाले हिला हवाले करते नजर आए यहां तक उन्होंने मुझे एफ आई आर भी थाने में दर्ज कराई लेकिन पत्रकार की सहायता से एसडीएम साहब से आस्वस्त किया गया।

# बीआरसी और जनशिक्षक ने प्राथमिक शाला तल्लाबोड़ी का किया आकस्मिक निरीक्षण

***ग्रामीणों ने बताया शाला एक माह से बंद है, शाला के दोनों शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी***

**हरिभूमि न्यूज बालाघाट।** जनपद शिक्षा केन्द्र परसवाड़ा के विकासखण्ड स्रोत समन्वयक (BRC) श्री अरूण कुमार बिटले एवं जनशिक्षा केंद्र टंटाटोला के जनशिक्षक श्री आर के बल्ले ने 12 जुलाई को दोपहर 01.30 बजे शासकीय प्राथमिक शाला तल्लाबोड़ी का आकस्मिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान शाला बन्द पाई गई और शाला मे ताला लगा हुआ था। शाला मे पदस्थ प्राथमिक शिक्षक संतोष मेश्राम एवं ओमप्रकाश कटरे अनुपस्थित पाए गए। शाला में मध्याह्न भोजन भी बंद पाया गया।

बीआरसी एवं जनशिक्षक द्वारा इस संबंध में गांव के लोगों से जानकारी ली गई तो ग्रामीणों द्वारा बताया गया कि शाला लगभग 01 माह से बन्द है और शिक्षक भी शाला मे नही आते हैं। शाला मे 05 छात्र दर्ज हैं।

बीआरसी श्री बिटले ने दोनो शिक्षकों को कारण बताओ नोटिस जारी किया है कि क्यों न इस लापरवाही के लिए उनके विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाए।

# आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट ने रैली निकालकर सौंपा ज्ञापनः आशीष बिसेन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।






अध्यापक शिक्षक संवर्ग व समस्त शिक्षक संवर्ग की ज्वलंत व लंबित समस्याओं को लेकर आजाद अध्यापक शिक्षक संघ मध्यप्रदेश के प्रांताध्यक्ष भरत पटेल के आव्हान पर मध्यप्रदेश के सभी जिलो में अपनी प्रमुख मांगो को लेकर रैली निकालकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौपा गया , इसी कड़ी में आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट द्वारा जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन के नेतृत्व में सैकड़ो शिक्षको की उपस्थिति में मोती गार्डन बालाघाट में सभा लेकर आंबेडकर चौक होते हुए कलेक्टर कार्यालय पहुंचकर ज्ञापन सौपा गया , संघ के जिलाध्यक्ष आशीष बिसेन एवं सचिव एमन्त ठाकरे ने बताया कि अध्यापक शिक्षक संवर्ग व समस्त शिक्षक संवर्ग की ज्वलंत समस्या वर्तमान में "ई अटेंडेंस" को लेकर है , इसी ज्वलंत समस्या के साथ - साथ नवीन शैक्षिक संवर्ग की लंबित समस्याओं को लेकर माननीय मुख्यमंत्री के नाम जिला कलेक्टर महोदय को ज्ञापन सौपा गया, नवीन शैक्षिक संवर्ग की प्रमुख मांगे जैसे स्कूल शिक्षा विभाग में "ई अटेंडेंस" की व्यवस्था लागू न की जावे । जिन जिलों में यह व्यवस्था लागू की गई है उसे तत्काल समाप्त कर जो अटेंडेंस व्यवस्था मध्यप्रदेश के समस्त अधिकारियों और कर्मचारियों को लागू है वही अटेंडेंस व्यवस्था शिक्षकों पर भी लागू रखी जावे। अध्यापक शिक्षक संवर्ग को भी राज्य एवं केन्द्र के अन्य कर्मचारियों की भांति प्रथम नियुक्ति दिनांक से सेवा अवधि की गणना करके पुरानी पेंशन योजना का लाभ दिया जावे। IFMIS पोर्टल में प्राथमिक, माध्यमिक और उच्च माध्यमिक शिक्षकों की जो नियुक्ति दिनांक 01-07-2018 दर्ज है उसे सुधार कर उनकी प्रथम नियुक्ति दिनांक अंकित की जावे । अध्यापक शिक्षक संवर्ग की सितम्बर 2022 की रूकी हुई हड़ताल अवधि के वेतन का भुगतान किया जावे। अध्यापक शिक्षक संवर्ग के पदोन्नति और लंबित क्रमोन्नति / समयमान वेतनमान के आदेश शीघ्र जारी कराकर एरियर्स राशि का भुगतान किया जावे। अनुकम्पा नियुक्ति के नियमों को शिथिल कर शत-प्रतिशत दिवंगत अध्यापक शिक्षक संवर्ग के आश्रित परिवार के सदस्य को अनुकंपा नियुक्ति का लाभ दिया जावे । स्कूल शिक्षा विभाग से जनजाति कार्य विभाग में प्रतिनियुक्ति पर आये शिक्षको को एवं जनजातीय कार्य विभाग से स्कूल शिक्षा विभाग में प्रतिनियुक्ति पर आये शिक्षको को उसी विभाग में मर्ज़ कर उसी विभाग के द्वारा क्रमोन्नति , समयमान वेतनमान , पदोन्नति आदि के लाभ प्रदान किये जाये I अध्यापक शिक्षक संवर्ग से सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों की सेवा अवधि की गणना प्रथम नियुक्ति दिनांक से करके उनको ग्रेच्युटी का भुगतान किया जावे ।अध्यापक संवर्ग को मिले छठवे वेतनमान की विसंगतियों को दूर किया जाये I गुरूजी से अध्यापक संवर्ग में आये शिक्षको को उनकी नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता दी जावे । शिक्षको को चुनाव , विशेष आपदा आदि को छोड़कर गैर शैक्षणिक कार्य जैसे बी.एल.ओ. आदि के कार्य से मुक्त रखा जावे I अध्यापक शिक्षक संवर्ग को कैस लेश मेडिकल क्लेम की सुविधा प्रदान की जावे। श्री आशीष बिसेन ने आगे बताया कि इसके अलावा अध्यापक संवर्ग की स्थानीय स्तर की अन्य समस्याओ की मांग जैसे खेलकूद श्रेणी "अ" के आदेश अब तक जारी नही किये गये है , उन्हें शीघ्र जारी किये जाए , प्राथमिक / माध्यमिक शिक्षक से सीधी भर्ती से बने जिले के उच्च माध्यमिक शिक्षको को तीन वर्षो की वार्षिक वेतन वृद्धि का लाभ नहीं दिया जा रहा यह लाभ उन्हें प्रदान किया जाये , जिले के विभिन्न ब्लाको जैसे लालबर्रा, किरनापुर, वारासिवनी, बालाघाट के प्राथमिक / माध्यमिक शिक्षको के क्रमोन्नति के अनुमोदन नहीं किये जा रहे है एवं क्रमोन्नति के एरियर्स प्रदान नहीं किये गए है , अध्यापक संवर्ग की स्थानीय समस्याओ की मांग का एक ज्ञापन जिला शिक्षा अधिकारी को सौपा गया । श्री आशीष बिसेन ने आगे बताया कि इस रैली ज्ञापन कार्यक्रम में शासकीय शिक्षक संघ , प्रांतीय शिक्षक संघ एवं मध्यप्रदेश शिक्षक संघ का एवं उनके पदाधिकारियों का समर्थन रहा । उपरोक्त मांगो का ज्ञापन सौपते समय सैकड़ो अध्यापक शिक्षक एवं शिक्षिकाए बहने की उपस्थिति रही उपस्थित समस्त शिक्षक साथियों एवं शिक्षिका बहनों का आजाद अध्यापक शिक्षक संघ बालाघाट के समस्त पदाधिकारियों ने आभार व्यक्त किया ।

# रक्तदान महादान सेवा समिति के सदस्यों ने स्कूल के छात्र-छात्राओं को शैक्षणिक सामग्री का किया वितरण



हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

ग्राम पंचायत आलेझरी के भीमनगर शासकीय प्राथमिक शाला के छात्र-छात्राओं को रक्तदान महादान सेवा समिति भरवेली बालाघाट की ओर से शिक्षण सामग्री में स्कूल बैग, पेन, पेंसिल आदि सामग्री का वितरण किया गया वहीं भीमनगर के आंगनवाड़ी में छोटे नन्हे मुन्ने बच्चों को पेन, पेंसिल एवं चार्ट का भी वितरण किया गया । इसके पश्चात समिति के सदस्यों ने कहा कि बच्चे कल के भविष्य हैं इन्हें शिक्षित बनाएं बेहतर शिक्षा से समाज और देश का विकास संभव है। गरीब बच्चों की शिक्षा में कोई रुकावट ना आए इसलिए समाजसेवियों को आगे आने की आवश्यकता है। कभी-कभी गरीब बच्चे शिक्षण सामग्री के बिना शिक्षा ग्रहण नहीं कर पाते हैं इस उद्देश्य से आज रक्तदान महादान सेवा समिति के द्वारा बच्चों को शिक्षण सामग्री दी गई । इस मौके पर स्कूल के प्रधान पाठक एवं शिक्षक ने समिति के सभी सदस्यों का आभार व्यक्त किया।

